संकट वो तेरा काटेंगे

जरा दर्शन को घाटे चलिए जहां बालाजी महाराज हैं,
संकट वो तेरा काटेंगे, वो तो संकट के काटन हार हैं......

तुम वहां जाओ वो ना मिलेंगे ऐसा कभी नहीं हो सकता,
जो वर मांगो वह नहीं पाओ ऐसा कभी नहीं हो सकता,
मेरे बाबा जगत विख्यात है रख लेंगे वह तेरी लाज है,
संकट वो तेरा काटेंगे......

भैरव बाबा का जाल वहां पर आज फंसे कोई कल फसे,
प्रेतराज का राज वहां पर बच ना सके कोई छीप ना सके,
भक्त कहता पते की बात है तुम सुन लो लगाकर ध्यान है,
संकट वो तेरा काटेंगे......

पत्थर का मंदिर पत्थर की मूरत पत्थर का दिल नहीं हो सकता,
बेटा बुलाए बाबा ना आए ऐसा कभी नहीं हो सकता,
मेरे बाबा की देखो क्या बात है कलयुग के वो अवतार है,
संकट वो तेरा काटेंगे.....

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/31564/title/sankat-vo-tera-katenge

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |